ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 03-10-2023

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-10-03 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-10-04	2023-10-05	2023-10-06	2023-10-07	2023-10-08
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	38.0	38.0	37.0	36.0	36.0
न्यूनतम तापमान(से.)	21.0	23.0	23.0	22.0	22.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	38	50	59	69	67
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	12	16	28	30	26
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	16	23	24	24	22
पवन दिशा (डिग्री)	244	231	222	222	227
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी दिनों में मौसम साफ और शुष्क रहने की सम्भावना है।

सामान्य सलाहकार:

खरीफ फसलों की कटाई के बाद खाली खेत में 8-10 टन गोबर की खाद प्रति हैक्टेयर में डालें जो मृदा के भौतिक व जैविक गुणों को बडाती है तथा मृदा की जल धारण क्षमता भी बडती है।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 36.0 से 38.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 21.0 से 23.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चना	चने की बुवाई का उपयुक्त समय असिंचित क्षेत्रों में अक्टूबर माह का प्रथम सप्ताह तथा सिंचित क्षेत्रों में 15 से 25 अक्टूबर है अतः चने की बुवाई हेतु खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। उन्नत किस्मों जैसे सी. 235, आर.एस.जी. 44, जी.एन.जी. 663 वरदान, जी.एन.जी. 2144 तीज, जी.एन.जी. 2171 मीरा, जी.एन.जी. 1488 संगम एंव आर.एस.जी. 896 की व्यवस्था करें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	सरसों/राया की बुवाई का उपयुक्त समय सिंचित क्षेत्रों में 01 से 25 अक्टूबर तथा असिंचित क्षेत्रों में 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर है अतः सरसों/राया की बुवाई हेतु खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। उन्नत किस्मों जैसे आर.एच -30, बायो-902, आशीर्वाद, सी.एच 54, डी.आर.एम.आर.आई.जे 31 (गिरिरीज), पुसा सरसों 26, पुसा सरसों 27, वाई.एस.एच 0401 (पीली सरसों) एंव आर.जी.एन.145 की व्यवस्था करें।
सरसों	दिन के तापमान को देखते हुए किसान भाई सरसों की बुवाई अभी ना करें।
गरारी	हरे चारे के लिए रिजका की आन्नद-2, एल.एल.सी-3, टाईप-9 व सिरसा-8 रिजका की उन्नत किस्मों की बुवाई करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
बेर	वर्तमान मौसम की स्थिति बेर के पौधे में फल मक्खी कीट के हमले के लिए अनुकूल है। इसके नियंत्रण के लिए डाइमेथोएट 30% ईसी @ 1.0 मिली या इमिडाक्लोप्रिड 17.8% एसएल @ 0.3 मिली या मैलाथियान 50 ईसी @ 1 मिली प्रति लीटर पानी का छिड़काव करें।
टमाटर	शीतकालीन टमाटर की फसल के लिए नर्सरी तैयार करें। पूसा रूबी, पूसा-120, अर्का विकास, सोनाली, पूसा हाइब्रिड-1 पूसा हाइब्रिड-2 व पंत बहार उन्नत किस्मों की बुवाई करें। 400-500 ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए उपयुक्त है।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	बदलते मौसम में पशुओं में खुरपका-मुंहपका रोग के फैलने की संभावना रहती है। रोग के लक्षण दिखाई देने पर पशुचिकित्सक से सम्पर्क करें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	हरे चारे के लिए बरसीम की मसकावी व वरदान उन्नत किस्मों की बुवाई करें।
सामान्य सलाह	तारामीरा की आर.टी.एम.-314 उन्नत किस्म बुवाई के लिए उपयुक्त है। एक हैक्टेयर के लिए 5 किलो बीज पर्याप्त होता है।
सामान्य सलाह	सौफ की बुवाई का समय मध्य सितम्बर से मध्य अक्टूबर तक है। आर.एफ-125, आर.एफ-143, आर.एफ-101 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। बीज दर 8-10 किलो प्रति हैक्टेयर रखें। 30 किलो नत्रजन व 40 किलो फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से अन्तिम जुताई के समय दें।